तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या 09/2010 (2010/00085) अनवान मांगाराम वगैरा बनाम चन्द्राराम वगैरा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128, 136 भू–राजस्व अधिनियम	
3-9-25	पत्रावली पेश हुई है। प्रार्थीगण की खातेदारी कृषि भूमि ग्राम विष्णु की ढाणी के खसरा नम्बर 72/2 रकबा 19.00 बीघा की तरमीम शुद्वि बाबत अन्तर्गत धारा 110, 128, 136 भू–राजस्व अधिनियम के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसे दर्ज रजिस्टर कर पक्षकारो को सुनवाई हेतु जरिये नोटिस तलब किया तथा तहसीलदार लूणी से मौके एवं रेकर्ड की तथ्यात्मक रिपोर्ट चाही गई। पक्षकार अप्रार्थीगण अनुपस्थित तथा अपना कोई जवाब प्रस्तुत नही किया। तहसीलदार लूणी ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें बताया कि ग्राम धांधिया (नवीन राजस्व ग्राम विष्णु की ढाणी) में अलग अलग कई व्यक्तियों को भूमि आंवटन/नियमन हुई तपश्चात खसरा नम्बर 72 के नवीन बटटा नम्बर क्रमशः 72, 72/1, 72/2, 276/72, 277/72 दर्ज हुए। इस प्रकार नियमन/आंवटन/बैचान द्वारा अलग अलग नामान्तरकरण दर्ज हुए। इस नामान्तरकरणो की पुश्त पर कोई तरमीम नही है। डी आई एल आर एम पी योज़नान्तर्गत वन–टू–वन मैपिंग में नामान्तरकरण पुश्त के पीछे तरमीम नजरी नक्शा नहीं होने के कारण राजस्व रेकर्ड एवं मौके के अनुसार जांच कर तरमीम की गई जो सही है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों, रिपोर्ट तहसीलदार लूणी के अनुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र बाबत अन्तर्गत धारा 110, 128, 136 पोषणीय नहीं होने से खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी	